आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 15.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना और खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू।
- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 15 अरब 26 करोड़ डॉलर से बढ़कर 6 खरब 53 अरब 96 करोड़ डॉलर से अधिक हुआ।
- कुमाऊं मंडल में आज छलड़ी यानी होली मनाई जा रही है।
- प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर ली करवट, ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और निचले हिस्सों में बारिश से तापमान में आई गिरावट।

ऑनलाइन आवेदन

राज्य में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना और खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से शुरू हो गये हैं। दोनों योजनाओं के लिए 31 मार्च शाम 5 बजे तक खिलाड़ी www.khelouk.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत 8 से 14 वर्ष तक के 150 बालक और 150 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयन प्रदेश के हर जिले से छह अलग–अलग आयु वर्गों में किया जाएगा और चयनित खिलाड़ियों को पन्द्रह सौ रुपए प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाएगी, ताकि वे खेल अभ्यास को सुचारू रूप से जारी रख सकें।

वहीं, 14 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों के लिए खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत दो हजार रुपए प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

खिलाड़ियों का चयन बैटरी टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना की चयन प्रक्रिया 1 से 15 अप्रैल तक और खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना की चयन प्रक्रिया 16 से 30 अप्रैल तक चलेगी।

विदेशी मुद्रा भंडार

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सात मार्च को समाप्त हुये सप्ताह के दौरान 15 अरब 26 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई है और यह 6 खरब 53 अरब 96 करोड़ डॉलर से अधिक हो गया है। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, भंडार की प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 13 अरब 93 करोड़ डॉलर से अधिक बढ़कर 5 खरब 57 अरब 28 करोड़ डॉलर से अधिक हो गई है।

पिछले सप्ताह स्वर्ण भंडार भी एक अरब डॉलर बढ़कर 74 अरब 32 करोड़ डॉलर से अधिक हो गया। इसके अलावा, विशेष आहरण अधिकार 21 करोड 20 लाख डॉलर बढ़कर 18 अरब 21 करोड़ डॉलर तक पहुँच गया और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में रिजर्व बैंक की स्थिति 6 करोड़ 90 लाख डॉलर बढ़कर 4 अरब 14 करोड डॉलर से अधिक हो गई।

आर्थिक सशक्तीकरण

रुद्रप्रयाग जिले में "रेस्टोरेशन ऑफ डिग्रेडेड फॉरेस्ट" योजना से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। वन विभाग द्वारा संचालित इस पहल के तहत जवाड़ी, रोठिया और दरमोला गांवों की महिलाएं जंगलों से प्राप्त प्राकृतिक संसाधनों से उपयोगी और सजावटी वस्तुएं बनाने में सक्षम हो रही हैं। इससे उन्हें न केवल एक नया आजीविका स्रोत मिला है, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मातृशक्ति के आर्थिक स्वावलंबन के संकल्प को साकार करती इस योजना में महिलाओं को हस्तशिल्प उत्पाद बनाने की कला सिखाई जा रही है। पिरूल, बवला, दाब, चीड़ की पत्तियां और चीड़ के फल जैसी वन उपज का उपयोग कर टोकरी, मिरर फ्रेम, सजावट के सामान, बर्तन और माचिस की तिल्लियों से कलाकृतियाँ बनाई जा रही हैं। इन हस्तनिर्मित वस्तुओं की बाजार में बढ़ती मांग से महिलाओं को स्थायी आय के स्रोत मिल रहे हैं।

यह योजना केवल ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और वन संसाधनों के सतत उपयोग को भी बढ़ावा दे रही है। जंगलों से प्राप्त प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग कर महिलाएं न केवल अपनी आजीविका सशक्त कर रही हैं, बल्कि वनों के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभा रही हैं।

होली / छलड़ी

प्रदेश के कुमाऊं मंडल में आज होली यानी छलड़ी मनाई जा रही है। बागेश्वर जिले में सुबह से ही लोगों में रंगों की मस्ती छाई रही। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक रंगों की बौछार और ढोल–मंजीरों की गूंज सुनाई दीं। लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर और गले मिलकर बधाइयाँ दीं। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने रंगों के इस पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया। होली के रंगों में न केवल युवा, बल्कि बुजुर्ग और बच्चे भी पूरी तरह रंगे नजर आए। उधर, अल्मोड़ा में लोगों ने एक–दूसरे पर अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दीं। हालांकि बारिश के चलते लोगों ने देर से होली खेलना शुरू किया।

मौसम

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर से करवट बदली है। कल रात से राजधानी देहरादून सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं ताजा हिमपात हुआ है, जिसके तापमान में गिरावट आई है। चारधाम सहित हर्षिल, चोपता, औली में बर्फबारी की ख़बर है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान सभी ज़िलों में बारिश का यह दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। इस दौरान विशेषकर चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के अनेक हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कल चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के ऊंचाई वाले हिस्सों में भारी बर्फबारी का अनुमान भी व्यक्त किया है।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। यह दिवस प्रति वर्ष 15 मार्च को उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने और उन्हें संरक्षित करने के लिए बनाया जाता है। इस वर्ष विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का विषय है–सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सचेत रहने, गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय उत्पादों व सेवाओं का चुनाव करने तथा किसी भी तरह की ठगी या धोखाधड़ी के खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लेने का आह्वान किया है।

आह्वान

भारत ने सभी धर्मों के प्रति नफरत का विरोध करते हुए धार्मिक कट्टरता के खिलाफ अधिक समावेशी लड़ाई का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने पूजा स्थलों और धर्म के खिलाफ हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का दृढ़ विश्वास है कि विभिन्न स्वरूपों में धर्मविरोध हमारे विभिन्न, वैश्विक समाज के ताने–बाने के लिए खतरा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामोफोबिया का मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि वास्तविक रूप से भारत में हर प्रमुख धर्म मौजूद हैं। यह विश्व के चार प्रमुख धर्म हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख धर्म का जन्मस्थान है। श्री हरीश ने कहा कि धार्मिक भेदभाव, नफरत और हिंसा से मुक्त दुनिया को बढ़ावा देना अनादि काल से भारत की जीवनशैली रही है।

<u>जंगली जानवर हमला</u>

बागेश्वर जिले में कल शाम कलाग गांव में मां और बेटे पर जंगली सुअर ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। अपने 8 वर्षीय बेटे के साथ खेत में काम कर रही महिला पर अचानक जंगली सुअर ने हमला कर दिया। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।